# गड़बड़ी रोकने के लिए मनरेगा को सख्त बनाने की तैयारी

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को सख्त बनाने की तैयारी कर रही है, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान इस योजना के तहत ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम में काफी गड़बड़ियां या रिसाव देखने को मिला है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

केंद्र ने 2022–23 के लिए मनरेगा के तहत 73,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो चालू वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान (आरई) में दिए गए 98,000 करोड़ रुपए से 25 फीसद कम है।

अगले वित्त वर्ष के लिए आवंटन, चालू वित्त वर्ष के लिए बजट अनुमान (बीई) के बराबर है। अधिकारी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में बीई के मुकाबले आरई काफी अधिक रहा है और यह पाया गया कि इसमें जबर्दस्त 'रिसाव' हो रहा है तथा बिचौलिए योजना के तहत लाभार्थियों के नाम दर्ज करने के लिए पैसे ले रहे हैं।

# आइपीओ के जरिए एलआइसी में 5 फीसद हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

सरकार ने रविवार को एलआइसी के आइपीओ के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किया। आइपीओ के मार्च में पूंजी बाजार में आने की उम्मीद है।

इस आइपीओ के जरिए सरकार एलआइसी की पांच फीसद हिस्सेदारी की पेशकश कर रही है। निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने ट्वीट किया, एलआइसी के आइपीओ के लिए डीआरएचपी आज सेबी के पास दाखिल कर दी गई है। इसके तहत 31.6 करोड़ शेयरों की पेशकश की जाएगी, जो पांच फीसद हिस्सेदारी के बराबर है। मसौदा रेड हेरिंग प्रास्पेक्टस के अनुसार अंतरराष्ट्रीय फर्म मिलिमन एडवाइजर्स ने 30 सितंबर 2021 तक एलआइसी का एम्बेडेड मूल्य लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपए आंका है। आइपीओ भारत सरकार द्वारा पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में है। पांडेय ने कहा कि 31 मार्च, 2021 तक एलआइसी के पास 28.3 करोड़ पालिसियों और 13.5 लाख एजंटों के साथ नए प्रीमियम व्यापार में 66 फीसद बाजार हिस्सेदारी थी। हालांकि, सरकार ने डीआरएचपी में एलआइसी के बाजार मूल्यांकन या सार्वजनिक पेशकश में पालिसीधारकों या एलआइसी कर्मचारियों को दी जाने वाली छूट का खुलासा नहीं किया।

आइपीओ का एक हिस्सा एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। साथ ही, एलआइसी के आइपीओ निर्गम का 10 फीसद तक पालिसीधारकों के लिए आरक्षित होगा।

चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार के विनिवेश लक्ष्य में 78,000 करोड़ रुपए की कमी रहने के अनुमान के बीच सरकार के लिए एलआइसी का आइपीओ महत्वपूर्ण है। सरकार अब तक एअर इंडिया के निजीकरण और अन्य सरकारी उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बिक्री से करीब 12,000 करोड़ रुपए जुटा चुकी है।

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक एलआइसी जीवन बीमा प्रीमियम के मामले में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है।

# भविष्य निधि पर मार्च में तय होगी ब्याज दर

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

वित्त वर्ष 2021–22 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दरें अगले महीने तय की जाएंगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निर्णय लेने वाले निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक अगले महीने होने जा रही है जिसमें चालू वित्त वर्ष के लिए ब्याज दरों पर फैसला किया जाएगा। केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने यह जानकारी दी।

यादव ने कहा, ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक मार्च में गुवाहाटी में होगी, जिसमें 2021–22 के लिए ब्याज दरों तय करने का प्रस्ताव सूचीबद्ध है। यह पूछे जाने पर कि क्या ईपीएफओ 2021–22 के लिए भी 2020–21 की तरह 8.5 फीसद की ब्याज दर को कायम रखेगा, यादव ने कहा कि यह फैसला अगले वित्त वर्ष के लिए आमदनी के अनुमान के आधार पर किया जाएगा। यादव सीबीटी के प्रमुख हैं।

**यादव ने कहा, ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक मार्च में गुवाहाटी में होगी, जिसमें 2021–22 के लिए ब्याज दरें तय करने का प्रस्ताव सूचीबद्ध है।**

मार्च, 2021 में सीबीटी ने 2020–21 के लिए ईपीएफ जमा के लिए 8.5 फीसद की ब्याज दर निर्धारित की थी।

वित्त मंत्री ने अक्तूबर, 2021 में इसे अनुमोदित किया था। उसके बाद ईपीएफओ ने अपने फील्ड कार्यालयों को अंशधारकों के खातों में 2020–21 के लिए 8.5 फीसद का ब्याज डालने का निर्देश दिया था।

सीबीटी द्वारा ब्याज दर पर फैसला लेने के बाद इसे वित्त मंत्रालय की अनुमति के लिए भेजा जाता है। मार्च, 2020 में ईपीएफओ ने भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर 2019–20 के लिए 8.5 फीसद के सात साल के निचले स्तर पर ला दिया था। 2018–19 में ईपीएफओ पर 8.65 फीसद का ब्याज दिया गया था।

ईपीएफओ ने 2016–17 और 2017–18 में भी 8.65 फीसद का ब्याज दिया था। 2015–16 में ब्याज दर 8.8 फीसद थी।

वहीं 2013–14 में 8.75 फीसद और 2014–15 में भी 8.75 फीसद का ही ब्याज दिया गया था। हालांकि, 2012–13 में ब्याज दर 8.5 फीसद थी। 2011–12 में यह 8.25 फीसद थी।

# वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

भू–राजनीतिक चिंता और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के बीच इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों में उतार–चढ़ाव बना रहेगा। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि अभी बाजार में कारोबार एक दायरे में रहेगा। इसके साथ ही निवेशकों की निगाह वैश्विक रुख, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी।

तिमाही नतीजों का अब अंतिम दौर है। रुपये का उतार–चढ़ाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुझान और ब्रेंट कच्चे तेल के दाम भी बाजार को दिशा देंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, दुनियाभर के बाजार अमेरिका में ब्याज दरों में भारी बढ़ोतरी की संभावना के बीच समायोजन का प्रयास कर रहे हैं।

लेकिन भू–राजनीतिक तनाव की वजह से चिंता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ें आने हैं और साथ तिमाही नतीजों का अंतिम दौर है। इनसे बाजार की दिशा प्रभावित होगी।

कुछ विशेष शेयरों में गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। मीणा ने कहा कि निवेशकों की निगाह उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर विधानसभा चुनावों से जुड़े घटनाक्रमों पर भी रहेगी।

# मई में हो सकती है 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी

**नई दिल्ली,13 फरवरी (भाषा)।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) यदि 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया के संबंध में नियमों पर अपनी सिफारिशें इस साल मार्च तक दे देता है तो इस बहुप्रतीक्षित प्रक्रिया के मई में होने की संभावना है। दूरसंचार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

# सूचकांक की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण घटा

नई दिल्ली, 13 फरवरी (भाषा)।

सूचकांक की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,03,532.08 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 491.90 अंक या 0.83 फीसद नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 30,474.79 करोड़ रुपए बढ़कर 16,07,857.69 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर टीसीएस के बाजार पूंजीकरण में 44,037.2 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 13,67,021.43 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 13,772.72 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,39,459.25 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 11,818.45 करोड़ रुपए के नुकसान से 5,30,443.72 करोड़ रुपए पर और आइसीआइसीआइ बैंक का 9,574.95 करोड़ रुपए टूटकर 5,49,434.46 करोड़ रुपए पर आ गया।

बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 8,987.52 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,22,938.56 करोड़ रुपए पर और इंफोसिस का 8,386.79 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 7,23,790.27 करोड़ रुपए रह गया।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एअरटेल को 3,157.91 करोड़ रुपए का घाटा हुआ और उसका बाजार पूंजीकरण 3,92,377.89 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 2,993.33 करोड़ रुपए घटकर 8,41,929.20 करोड़ रुपए रह गई।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के रूप में अभिज्ञात)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हैरिंगटन रोड, चेटपट, चेन्नई–600031, दूरभाषः 91 44 4564 4000, फैक्सः 91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारी – मोहित राजा संपर्क नंबर – 9711404914, 9874702021

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट–IV-A**
**(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)**
**अचल संपत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों के विक्रयार्थ ई–नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्न विवरणित अचल संपत्तियों, जिनका भौतिक कब्जा जो है वह आईडीएफसी बैंक लि. अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय क्लोर एक्वा केमिकल्स प्रा. लि., धनंजय त्रिपाठी, सुनीता त्रिपाठी (उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता(ओं)) की ओर से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनेंस) को देय–भुगतेय दिनांक 14.04.2021 के अनुसार आईएनआर रु. 1,04,51,548.07/– की वसूली करने के लिए, दिनांक 18.03.2022 को ''जैसी हैं जहां हैं'', ''जैसी हैं जो हैं'' और ''वहां जो कुछ भी हैं'' आधार पर किया जाएगा।

**नीलामी की स्थिति**

| | |
|---|---|
| आरक्षित मूल्य | **आईएनआर रु. 1,03,00,000/–** |
| धरोहर राशि जमा की रकम | **आईएनआर रु. 10,30,000/–** |
| बोली/धरोहर राशि जमा प्रस्तुत करने की तिथि | **17.03.2022 को सायं 5.00 बजे तक** |
| संपत्ति के निरीक्षण की तिथि | **12.03.2022 को 11.00 बजे से 4.00 बजे** |
| नीलामी की तिथि | **18.03.2022 को 11.00 बजे से 1.00 बजे** |
| सपत्ति के विवरण | पीतमपुरा आवासीय योजना, पीतमपुरा, दिल्ली मे स्थित फ्लैट स. केडी–210 जो प्रथम तल पर एमआईजी कैटेगरी के अंतर्गत स्थित है, जिसका अधिमापन 85 वर्ग मीटर है और जिसका परिसीमन इस प्रकार है: उत्तर– प्रवेश, दक्षिण– अन्य फ्लैट, पूर्व– खुला, पश्चिम– अन्य फ्लैट |

विक्रय के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया लिंक अर्थात् **https://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC** का संदर्भ ग्रहण करें।
अभिखंडनः कृपया नोट करें कि उक्त सूचना जो है वह केवल अचल संपत्ति के विक्रयार्थ निर्गत की गई है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के पास, अचल संपत्ति स्थल पर वर्तमान में पड़ी चल परिसंपत्तियों, यदि कोई हो, को बेचने का कोई अधिकार नहीं है।

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लि. के रूप में अभिज्ञात)

दिनांकः 10.02.2022
स्थान : दिल्ली



## सेना अस्पताल (आर एंड आर) दिल्ली कैंट-110010

**सेना अस्पताल (आर एंड आर) दिल्ली कैंट-110010 के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग के लिए 02 x मेडिकल भौतिक विज्ञानी सह रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III और 01 x रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III, नाभिकीय चिकित्सा विभागके लिए अनुबंध के आधार पर आउटसोर्सिंग सेवाओं की नियुक्तियों के लिए भौतिक साक्षात्कार के लिए विज्ञापन**

1. चिकित्सा सेवा महानिदेशालय (सेना) के पत्र संख्या बी/74902/16/डीजीएमएस-3डी दिनांक 13 अप्रैल 2021 के अनुसार सेना अस्पताल (आर एंड आर) दिल्ली कैंट-110010 के विकिरण ऑन्कोलॉजी विभाग के लिए 02 x मेडिकल भौतिक विज्ञानी सह रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III और 01 x रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III, नाभिकीय चिकित्सा विभाग के लिए अनुबंध के आधार पर सेवाओं की नियुक्तियों शारीरिक साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है।
2. **न्यूनतम योग्यता** आवश्यक न्यूनतम योग्यता इस प्रकार है :-
(ए) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से M.Sc भौतिकी और एईआरबी (परमाणु ऊर्जा अनुसंधान बोर्ड) द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त रेडियोलॉजिकल फिजिक्स (DRP) में M.Sc, डिप्लोमा / डिग्री पोस्ट करें। या
(बी) परमाणु ऊर्जा अनुसंधान बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से चिकित्सा भौतिकी में एम.एससी या समकक्ष
3. **सुविधा उपलब्ध.** रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में लीनियर एक्सेलेरेटर, टेलीकोबाल्ट मशीन, एचडीआर ब्रेकीथेरेपी और इमेज गाइडेड रेडियो सर्जरी के लिए लेक्सेल गामा नाइफ आइकन उपलब्ध हैं। इस अस्पताल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में मेडिकल साइक्लोट्रॉन, CT-PET, SPECT और हाई डोज थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है।
4. **वेतन,** चिकित्सा भौतिक विज्ञानी सह रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III और रेडियोलॉजिकल सुरक्षा अधिकारी स्तर III के लिए कुल वेतन अनुबंध की पूरी अवधि के लिए रुपये 75000/- प्रति माह (2885/- प्रति दिन @ 26 कार्य दिवस) निर्धारित किया गया है।
5. उपरोक्त पदों के लिए प्रारंभिक संविदा अवधि, नियुक्ति के दिन से 31 मार्च 2022 तक होगी, जिसे नियम और शर्तों के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।
6. इच्छुक उम्मीदवारों को मूल शैक्षिक दस्तावेज और अन्य आवश्यक सत्यापन दस्तावेज लाने होंगे और 21 February 2022 (Monday) को प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच शारीरिक साक्षात्कार के लिए प्रशासनिक ब्लॉक में रिपोर्ट करना होगा।

**सेना अस्पताल (आर एंड आर)**
**टेली नंबर 011-23338190, 9365647416**
**Email Id-zephyr.001@gov.in**



## पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालयः** सी–125, नारायणा औद्योगिक क्षेत्र, फेज–1, नारायणा, नई दिल्ली–110028
**फोनः** +91–11–45618800, **फैक्सः** +91–11–25893719/20, **वेबसाइट** : www.paramountcables.com
**सीआईएनः** L74899DL1994PLC061295

PARAMOUNT CABLES

**31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही तथा नौमाही हेतु अलेखापरीक्षित स्टैण्डएलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों के विवरण का सारांश**

(प्रति शेयर डाटा को छोड़कर रु. लाख में)

| विवरण | स्टैण्डएलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौमाही | | समाप्त वर्ष |
| | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.03.2021 लेखापरीक्षित | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 30.09.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.12.2021 अलेखापरीक्षित | 31.12.2020 अलेखापरीक्षित | 31.03.2021 लेखापरीक्षित |
| प्रचालनों से कुल व्यापक आय | 16,328.29 | 13,809.02 | 15,226.28 | 39,776.01 | 35,471.64 | 51,908.33 | 16,328.29 | 13,809.02 | 15,226.28 | 39,776.01 | 35,471.64 | 51,908.33 |
| वित्तीय लागतों के पश्चात किन्तु अपवादित मदों से पूर्व साधारण गतिविधियों से लाभ/(हानि) | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 |
| कर पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ/(हानि) | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 |
| कर पश्चात सामान्य गतिविधियों से निवल लाभ/(हानि) | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 | 273.50 | 158.98 | 190.44 | 333.85 | 52.21 | 310.02 |
| अन्य व्यापक आय/(हानि) | 8.01 | 8.02 | (5.23) | 24.04 | (15.69) | 32.06 | 8.01 | 8.02 | (5.23) | 24.04 | (15.69) | 32.06 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय शामिल) | 281.51 | 167.00 | 185.21 | 357.89 | 36.52 | 342.08 | 281.51 | 167.00 | 185.21 | 357.89 | 36.52 | 342.08 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 2/- प्रति इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य) | 3,883.68 | 3,883.68 | 3,682.68 | 3,883.68 | 3,682.68 | 3,883.68 | 3,883.68 | 3,883.68 | 3,682.68 | 3,883.68 | 3,682.68 | 3,883.68 |
| पुनर्मूल्यांकन आरक्षिति को छोड़कर अन्य इक्विटी | | | | | | | | | | | | |
| आय प्रति शेयर (रु. 2/- प्रत्येक) वार्षिकीकृत नहीं) (क) बेसिक | 0.14 | 0.08 | 0.11 | 0.17 | 0.03 | 0.17 | 0.14 | 0.08 | 0.11 | 0.17 | 0.03 | 0.17 |
| (ख) डाइल्यूटेड | 0.14 | 0.08 | 0.11 | 0.17 | 0.03 | 0.17 | 0.14 | 0.08 | 0.11 | 0.17 | 0.03 | 0.17 |

उपर्युक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दाखिल 31 दिसम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही तथा नौमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट **www.paramountcables.com** तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.nseindia.com** तथा www.bseindia.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से
कृते पैरामाउण्ट कम्युनिकेशन्स लिमिटेड
ह./-
संदीप अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक
डीआईएन नं. : 00002646

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 12.02.2022



## सोनल मर्कन्टाइल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 365, वर्द्धमान प्लाजा, तृतीय तल, सेक्टर–3, रोहिणी, नई दिल्ली–110085
सीआईएनः L51221DL1985PLC022433), वेबसाइटः www.sonalmercantile.in, ईमेलः sonalmercantile@yahoo.in

**31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के अलेखापरीक्षित समेकित एवं एकल वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपए लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | अलेखापरीक्षित 31.12.2021 | अलेखापरीक्षित 30.09.2021 | अलेखापरीक्षित 31.12.2020 | अलेखापरीक्षित 31.12.2021 | अलेखापरीक्षित 31.12.2020 | लेखापरीक्षित 31.03.2021 | अलेखापरीक्षित 31.12.2021 | अलेखापरीक्षित 30.09.2021 | अलेखापरीक्षित 31.12.2020 | अलेखापरीक्षित 31.12.2021 | अलेखापरीक्षित 31.12.2020 | लेखापरीक्षित 31.03.2021 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (निवल) | 499.40 | 503.50 | 471.42 | 1,509.84 | 1,389.54 | 1,850.51 | 499.40 | 503.50 | 471.42 | 1,509.84 | 1,389.54 | 1,850.51 |
| 2 | कर एवं आपवादिक मदों से पूर्व की अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) | 154.76 | 172.12 | 147.68 | 506.77 | 423.97 | 625.63 | 154.76 | 172.12 | 147.68 | 506.77 | 423.97 | 625.63 |
| 3 | कर पूर्व तथा आपवादिक मदों के पश्चात् की अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) | 154.76 | 172.12 | 147.68 | 506.77 | 423.97 | 625.63 | 123.58 | 119.38 | 110.51 | 377.57 | 317.06 | 451.59 |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) | 123.58 | 119.38 | 110.51 | 377.57 | 317.06 | 451.59 | 123.58 | 119.38 | 110.51 | 377.57 | 317.06 | 451.59 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय | 123.58 | 119.38 | 110.51 | 377.57 | 317.06 | 451.59 | 273.95 | 492.36 | 332.14 | 1,141.68 | 991.42 | 3,219.80 |
| 6 | चुकताकृत समता अंश पूंजी | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 | 1,473.85 |
| 7 | आय प्रति अंश | | | | | | | | | | | | |
| | क) मूल (रु. प्रति अंश) | 0.84 | 0.81 | 0.75 | 2.56 | 2.15 | 3.06 | 1.86 | 3.34 | 2.25 | 7.75 | 6.73 | 9.59 |
| | ख) तरलीकृत (रु. प्रति अंश) | 0.84 | 0.81 | 0.75 | 2.56 | 2.15 | 3.06 | 1.86 | 3.34 | 2.25 | 7.75 | 6.73 | 9.59 |

**टिप्पणियां:**
1) संवैधानिक लेखा-परीक्षकों ने 31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही के उपरोक्त अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है। हालांकि, प्रबंधन ने यह सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य यथोचित परिश्रम किया है कि वित्तीय परिणामों से इसके कार्यों का सत्य एवं उचित दृष्टिकोण प्राप्त हुआ है।
2) कंपनी ने सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के अनुसार उपलब्ध कराए गए विकल्प के अनुरूप, एकल वित्तीय परिणामों के अतिरिक्त अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों के सारांशों को प्रकाशित करने का विकल्प चुना है। ये वित्तीय परिणाम वेबसाइट- https://www.sonalmercantile.in/ पर उपलब्ध हैं।
3) चूंकि कंपनी जो है वह प्राथमिक रूप में वित्त-पोषण के व्यवसाय में कार्यव्यस्त है और अतः तद्नुसार यहां परिचालनात्मक खण्डवार का लेन-देन करनेवाले आईएनडी एएस 108 के अनुसार कोई पृथक प्रतिवेदनयोग्य खण्डवार नहीं है।
4) उपरोक्त परिणामों की लेखा-परीक्षक समिति द्वारा समीक्षा कर दी गई है तथा निदेशक मंडल ने दिनांक 12 फरवरी 2022 को आयोजित की गई अपनी बैठक में इनका अनुमोदन कर दिया है और उपरोक्त उल्लेखितानुसार संवैधानिक लेखा-परीक्षकों द्वारा एक सीमित समीक्षा किए जाने के अधीन हैं।
5) पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़ों को, चालू अवधि के वर्गीकरण के अनुसार अभिपुष्टि करने के लिए, जहां अनिवार्य समझा गया है, वहां पुनर्समूहित किया गया है।

बोर्ड की ओर से
कृते सोनल मर्कन्टाइल लिमिटेड
हस्ता./-
प्रभजीत कौर
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 12.02.2022



## पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालयः** एनबीसीसी प्लाजा, टॉवर II, चतुर्थ तल, पुष्प विहार, सेक्टर–5, नई दिल्ली–110017
**सीआईएनः** L45201DL1999PLC195937, **ईमेलः** complianceofficer@pncinfratech.com,
**वेबसाइटः** www.pncinfratech.com

**31 दिसंबर 2021 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के वित्तीय परिणामों का सारांश**

रु. लाख में (ईपीएस को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही (31.12.2021) अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही (31.12.2020) अलेखापरीक्षित | समाप्त नौ माह (31.12.2021) अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही (31.12.2021) अलेखापरीक्षित | समाप्त तिमाही (31.12.2020) अलेखापरीक्षित | समाप्त नौ माह (31.12.2021) अलेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 1,53,253.76 | 1,34,668.08 | 4,43,393.00 | 1,73,940.13 | 1,61,692.69 | 5,04,968.98 |
| 2 | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, आपवादिक तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 12,166.98 | 15,936.99 | 44,730.20 | 12,424.06 | 23,686.87 | 49,728.38 |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (आपवादिक तथा/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | 12,166.98 | 15,936.99 | 44,730.20 | 12,424.06 | 23,686.87 | 49,728.38 |
| 4 | कर उपरांत अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (आपवादिक तथा/अथवा असाधारण मदों के उपरांत) | 8,095.95 | 10,317.25 | 30,962.55 | 8,297.75 | 17,614.34 | 33,323.85 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) से समाविष्ट) | 8,093.89 | 10,367.87 | 30,956.34 | 8,291.65 | 17,678.77 | 33,305.69 |
| 6 | समता अंश पूंजी | 5,130.78 | 5,130.78 | 5,130.78 | 5,130.78 | 5,130.78 | 5,130.78 |
| 7 | आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष के लेखाप. रीक्षित तुलन–पत्र में निदर्शितानुसार | – | – | – | – | – | – |
| 8 | आय प्रति अंश (रु. 2/– प्रत्येक का) (चालू तथा बंद परिचालनों के लिए) 1. मूलः 2. तरलीकृतः | 3.16 | 4.02 | 12.07 | 3.23 | 6.87 | 12.99 |

**टिप्पणियां:**
1) उपरोक्त जो है वह सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दर्ज समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सारांश है। समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप जो है वह स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् (www.bseindia.com, www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट अर्थात् (www.pncinfratech.com) पर उपलब्ध है।
2) उपरोक्त एकल/समेकित परिणामों की लेखा–परीक्षक समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 12 फरवरी 2022 को आयोजित अपनी बैठक में इनका अनुमोदन किया गया है।

कृते पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड
हस्ता./–
चक्रेश कुमार जैन
प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 00086768)

स्थानः आगरा
दिनांकः 12.02.2022


www.readwhere.com